# राजभाषा मुद्रिका

तिमाही राजभाषा समाचार पत्र

**अंक : 25** **जुलाई-सितंबर 2020**

**प्रधान संरक्षक**

**श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार**

**प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक**

**संरक्षक**

**श्रीमती अर्चना नायक**

**संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.), केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल**

**संकल्पना और संपादन**

**श्री वाई. सुब्रह्मण्यम,**

**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु**

---



दिनांक 15.08.2020 को केंद्रीय कर, सीमा शुल्क एवं आयकर विभागों द्वारा संयुक्त रूप से **स्वतंत्रता दिवस** का आयोजन किया गया किया ।



आयकर विभाग की मुख्य आयुक्त श्रीमती सुभश्री अनंत कृष्णन ने ध्वजारोहण किया ।





# केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल, कर्नाटक में आयोजित हिंदी दिवस पर एक रिपोर्ट

हिंदी माह के अंतर्गत केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के कनार्टक में स्थित सभी आयुक्तालयों के लिए दिनांक 14.09.2020 को हिंदी दिवस ऑनलाइन पर संयुक्त रूप से मनाया गया था । सुश्री वाई.एन.वी. श्रीललिता एवं सुश्री वाई. श्रीनिधि सुपुत्री श्री वाई. सुब्रह्मण्यम, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, केंद्रीय कर प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के प्रार्थना गीता के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का का.) श्रीमती अर्चना नायक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । माननीय गृह मंत्री महोदय का संदेश पठन सीमा शुल्क, मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु अंचल के संयुक्त आयुक्त श्री अनिरुद्धा एस. कुलकर्णी ने किया ।

तदुपरांत अंचल की गृह पत्रिका बृंदावन 2020 का ई विमोचन किया गया । पत्रिका का विमोचन केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल के प्रधान मुख्य आयुक्त श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के मुख्य आयुक्त श्री एम. श्रीनिवास के करकमलों से किया गया । केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय की वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती पद्मश्री बाबु ने राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत किया ।

आगे, केंद्रीय कर, मैसूरु आयुक्तालय के प्रधान आयुक्त श्री संजय पंत साहब ने हिंदी दिवस के उपलक्ष्य पर विशेष भाषण दिया ।

फिर श्री एम. श्रीनिवास, सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल ने मुख्य अतिथि का भाषण से एवं श्री डी.पी. नागेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य आयुक्त, केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल ने अध्यक्षीय भाषण से उपस्थित दर्शकगण को आशीर्वाद दिया ।

सीमा शुल्क, मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु में कार्यरत वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्रीमती एन.उषा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ । मंच का संचालन केंद्रीय कर, प्रधान मुख्य आयुक्त का कार्यालय, बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी श्री वाई. सुब्रह्मण्यम द्वारा किया गया ।


# हिंदी दिवस की झल्कियाँ



# हिंदी कार्यशाला

**दिनांक 24.09.2020 और दिनांक 25.09.2020 को नासीन, बेंगलूरु के तत्वावधान में केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल के समूचे कर्नाटक में कार्यरत निरीक्षकों के संवर्ग के लिए सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल द्वारा बेबिनॉर के माध्यम से ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । दिनांक 24.09.2020 को अपराह्न के दोनों सत्र में एच.ए.एल. के सेवानिवृत्त उप महा प्रबंधक (राजभाषा) डॉ.शंकर प्रसाद व्याख्यानदाता थे, जिन्होंने "राजभाषा नीति" पर प्रकाश डाला । तथा दिनांक 25.09.2020 को अपराह्न के दोनों सत्र में सी.ए.आई.आर., बेंगलूरु के वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी डॉ.महेश ने "कंप्यूटरों में हिंदी का प्रयोग" तथा "टिप्पण और मसौदा लेखन" पर व्याख्यान दिया ।**








## स्वच्छता शपथ

**दिनांक 01.09.2020 को केंद्रीय कर एवं सीमा शुल्क, बेंगलूरु अंचल में ऑनलाइन पर स्वच्छता शपथ लिया गया । केंद्रीय कर, बेंगलूरु अंचल की संयुक्त आयुक्त (प्र.मु.आ.का.) ने इस अवसर पर स्वच्छता शपथ दोनों हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में दिलाया ।**

इस अंचल में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की सामग्रियां हो तो, उन्हें इस समाचार पत्र के आगामी अंकों में प्रकाशन हेतु हमें cexhindicell@gmail.com ई-मेल पते पर संपर्क करें ।

**आपके बहुमूल्य सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।**